यूपी बनेगा मेडटेक हब, यमुना एक्सप्रेसवे पर 587 करोड़ का निवेश

लखनऊ। सरकार ने प्रदेश को मेडिकल टेक्नोलॉजी का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन्वेस्ट यूपी की पहल पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मंगलवार को मेडिकल डिवाइस पार्क के तहत शुक्र फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड को 10 एकड़ भूमि का आशय पत्र जारी कर दिया। यमुना एक्सप्रेसवे पर 587 करोड़ के

शुक्र फार्मास्यूटिकल्स को 10 एकड़ भूमि का आशय पत्र सौंपा गया

निवेश से 900 से अधिक प्रत्यक्ष और लगभग 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इस परियोजना का एक प्रमुख आकर्षण बोरॉन न्यूट्रॉन कैप्चर थेरेपी तकनीक का उत्पादन है जिसे जटिल व गंभीर स्थिति वाले कैंसर रोगों के उपचार के लिए अत्याधुनिक पद्धति माना जाता है। इस संयंत्र में रेडियोलॉजी व इमेजिंग उपकरणों की व्यापक शृंखला का निर्माण किया जाएगा, जिनमें सीटी स्कैनर, एमआरआई, पीईटी स्कैन, एक्सरे व अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनें शामिल हैं। परियोजना के तहत हृदय संबंधी उन्नत इम्प्लांट्स जैसे हार्ट वाल्व, स्टेंट्स तथा लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस (एलवीएडी) भी बनेगी। ब्यूरो